2119. राजस्थान के किस शहर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के लिए चिन्हित किया गया है?

(a) जयपुर (b) भरतपुर
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (c) : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित है। इसे प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 में स्थापित किया गया।

2120. राजस्थान के उद्यान-कृषि विभाग ने जहाँ कृषि-पारिस्थितिकी पर्यटन एवं अंतर्राष्ट्रीय पुष्प अनुसंधान केंद्र विकसित करने की योजना बनाई है

(a) माउंट आबू (b) जोबनेर
(c) पुष्कर (d) जयपुर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (a) : राजस्थान के उद्यान-कृषि विभाग ने माउंट आबू में कृषि-पारिस्थितिकी पर्यटन एवं अंतर्राष्ट्रीय पुष्प अनुसंधान केंद्र विकसित करने की योजना बनाई है। इस सेंटर में ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, ग्लास हाउस पद्धति से खेती करने की पद्धति पर अनुसंधान किया जायेगा।

2121. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, राजस्थान में किस स्थान पर स्थित है?

(a) अविकानगर, टोंक (b) जोरबीर, बीकानेर
(c) तबीजी, अजमेर (d) दुर्गापुरा, जयपुर

कनिष्ठ अभियंता- 2022
RPSC SI 14-09-2021
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिकल)- 2018

Ans. (a) : केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, टोंक में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1962 में की गयी है। क्षेत्रीय विशिष्टताओं को ध्यान में रखकर इसके तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र खोले गये है जो कुल्लू (हिमाचल प्रदेश), मन्नावनूर (तमिलनाडु) एवं बीकानेर (राजस्थान) में स्थित हैं।

2122. ''राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र'' राजस्थान में कहाँ पर स्थित है?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) कोटा (d) अजमेर

RPSC SI 03-09-2021
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)- 2019

Ans. (d) : राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र राजस्थान के अजमेर जिले के ताबीजी में स्थित है। इस अनुसंधान केन्द्र की स्थापना 22 अप्रैल 2000 को की गई थी।

2123. संस्थान, जिसके साथ राजस्थान सरकार ने सड़क सुरक्षा की एक नवीन पद्धति को लागू करने केलिए गठजोड़ किया है

(a) एम.एन.आई.टी.,जयपुर (b) आई.आई.टी.,मुम्बई
(c) आई.आई.टी.,दिल्ली (d) आई.आई.टी.,मद्रास

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (d) : राजस्थान सरकार ने सड़क सुरक्षा की नवीन पद्धति को लागू करने के लिए आई.आई.टी. मद्रास के साथ गठजोड़ किया हैं इस सहयोग में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भी सहभागी है।

2124. राजस्थान में NBPGR का प्रादेशिक केन्द्र कहाँ स्थित है?

(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (c) : राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरों NBPGR का प्रादेशिक केन्द्र राजस्थान के जोधपुर में स्थित है। राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरों नई दिल्ली में स्थित है इसकी स्थापना जनवरी 1976 में की गई थी।

2125. राजस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग किस वर्ष में स्थापित हुआ था?

(a) 1972 (b) 2019
(c) 1983 (d) 1996

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (c) : राजस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना वर्ष 1983 में की गई थी। इस विभाग का उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक चेतना का विकास एवं सामाजिक आर्थिक विकास करना है।

2126. निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान में पेटेन्ट केन्द्र (PIC) की स्थापना की गई?

(a) 1998
(b) 1999
(c) 2000
(d) 2002

सूचना सहायक भर्ती परीक्षा -2018 (12 मई, 2018)

Ans. (a) राजस्थान में पेटेन्ट केन्द्र (PIC) की स्थापना वर्ष 1998 में की गई। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य नवाचार करने वाले, शोधकर्ताओं, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में सुविधाएं प्रदान करना है।

2127. केन्द्रीय मरु क्षेत्र अनुसंधान संस्थान _______में स्थित है।

(a) अजमेर (b) बाड़मेर
(c) बीकानेर (d) जोधपुर

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d)राजस्थान में मरूस्थल की प्रक्रिया को कम करने एवं संसाधनों के वैज्ञानिक एवं स्थाई प्रबन्धन हेतु 1952 में मरु वनीकरण केन्द्र की स्थापना जोधपुर में की गई। जिसके बाद 1957 में मरु वनीकरण एवं मृदा संरक्षण केन्द्र के रूप में विस्तार हुआ। अन्ततः 1959 में इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अधीन केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) के रूप में पूर्ण संस्थान का दर्जा दिया गया। यह संस्थान 1966 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नियन्त्रण में आ गया।

2128. 'पोथीखाना' संग्रहालय स्थित है-

(a) जोधपुर में (b) कोटा में
(c) जैसलमेर में (d) जयपुर में

कृषि पर्यवेक्षक -2021

Ans. (d) पोथीखाना संग्रहालय महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय जयपुर का एक हिस्सा है। यह सिटी पैलेस के भीतर स्थित है। इसमें जयपुर और आमेर के क्रमिक शासकों द्वारा निर्मित तस्वीरों पांडुलिपियों,चित्रों, कलाकृतियों हथियारों और कवच को रखा गया है।